भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
राजस्व विभाग
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1050
(जिसका उत्तर मंगलवार 28 जुलाई, 2026/6 श्रावण, 1948 (शक) को दिया जाना है।)

"जीएसटी इनपुट टैक्स क्रेडिट की चोरी"

1050. श्री नीरज डांगी:

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान इनपुट टैक्स क्रेडिट में धोखाधड़ी के मामलों में अपराधियों का राज्य-वार और सेक्टर-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) सरकार द्वारा उक्त अवधि के दौरान इनपुट टैक्स क्रेडिट धोखाधड़ी के मामलों से निपटने के लिए क्या सख्त कदम उठाए जा रहे है;

(ग) फर्जी पैन कार्ड और आधार कार्ड का दुरुपयोग कर प्राप्त किए गए फर्जी जीएसटी पंजीकरणों की संख्या क्या है; और

(घ) बीते तीन वर्षों में ऐसे मामलों में कितने व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया तथा कितने मास्टरमाइंड अभी भी फरार हैं?

उत्तर
वित्त राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क): केंद्रीय कर संरचनाओं द्वारा पिछले तीन वर्षों में पता लगाए गए इनपुट टैक्स क्रेडिट की धोखाधड़ी के मामलों का वर्षवार और राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार विवरण अनुलग्नक-१ से ३ में दिया गया है। इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) धोखाधड़ी के ये मामले वस्तुओं और सेवाओं से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों में पाए गए हैं, जिनमें लोहा और इस्पात, वस्त्र, प्लास्टिक, कागज उत्पाद, प्लाईवुड, सीमेंट, तांबा और विभिन्न सेवा क्षेत्र जैसे कि वर्क्स कॉन्ट्रैक्ट सेवा, जनशक्ति आपूर्ति सेवाएं, रियल एस्टेट सेवाएं आदि शामिल हैं।

(ख): सरकार द्वारा इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) में धोखाधड़ी के मामलों से निपटने के लिए किए गए उपाय इस प्रकार हैं:

(i) रिटर्न में इनपुट टैक्स क्रेडिट आंकड़ों के स्वतः एकत्रण कार्य को और सुव्यवस्थित करने के लिए वर्ष 2024 के अंत में जीएसटी पोर्टल पर इनवॉइस मैनेजमेंट सिस्टम (आईएमएस) सुविधा शुरू की गई है, ताकि प्राप्तकर्ता करदाताओं को आने वाले इनवॉइस को अधिक प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने में मदद मिल सके। यह प्राप्तकर्ताओं को आपूर्तिकर्ता करदाताओं द्वारा सहेजे या दाखिल किए गए चालानों को स्वीकार करने, अस्वीकार करने या लंबित के रूप में चिह्नित करने की अनुमति देता है। आईएमएस के कार्यान्वयन के साथ पंजीकृत प्राप्तकर्ता अब आपूर्तिकर्ताओं द्वारा अपने जीएसटीआर-1 में रिपोर्ट किए गए चालानों का दोबारा-सत्यापन और मिलान कर सकते हैं, जिससे इनपुट टैक्स क्रेडिट लेने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित और सुदृढ़ बनाया जा सकता है;

(ii) केंद्रीय और राज्य कर प्रशासनों द्वारा फर्जी पंजीकरणों और आईटीसी के धोखाधड़ीपूर्ण अंतरण के खिलाफ समन्वित कार्रवाई के लिए क्रमशः दिनांक 16.05.2023 से दिनांक 14.08.2023 और दिनांक 16.08.2024 से दिनांक 30.10.2024 की अवधि के लिए अखिल भारतीय स्तर पर दो विशेष अभियान शुरू किए गए थे;

(iii) जीएसटी पंजीकरण आवेदनों के बायोमेट्रिक-आधारित आधार प्रमाणीकरण को अखिल भारतीय स्तर पर विस्तारित किया गया है। इसके अलावा सीजीएसटी नियमों के नियम 8(4A) में संशोधन के माध्यम से यह प्रावधान किया गया है कि जिस आवेदक ने आधार प्रमाणीकरण का विकल्प नहीं चुना है, उसे फोटो खिंचवाने और दस्तावेज़ सत्यापन के लिए जीएसटी सुविधा केंद्र जाना होगा;

(iv) दिनांक 01.10.2022 से किसी कर अवधि के लिए जीएसटीआर-3B दाखिल करने से पहले जीएसटीआर-1 दाखिल करना अनिवार्य कर दिया गया है। साथ ही दिनांक 01.10.2022 से जीएसटीआर-1 को क्रमबद्ध तरीके से दाखिल करना अनिवार्य कर दिया गया है। इस प्रकार जीएसटीआर-1 और जीएसटीआर-3B दोनों को कर अवधि के अनुसार पूरी तरह से क्रमबद्ध बना दिया गया है। इससे यह सुनिश्चित होता है कि विक्रेता द्वारा जीएसटीआर-1 में घोषित चालान विवरण का उपयोग जीएसटीआर-2B में उपलब्ध इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) को स्वतः भरने के लिए किया जाता है।

(ग) और (घ): जाली पैन कार्ड और आधार कार्ड के दुरुपयोग से प्राप्त फर्जी जीएसटी पंजीकरणों का विवरण, गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की संख्या और फरार मुख्य साजिशकर्ताओं की संख्या निम्नानुसार है:

अवधि	जाली पैन और आधार कार्डों का उपयोग करके प्राप्त फर्जी पंजीकरणों की संख्या	पता लगाई गई धनराशि (करोड़ रुपये)	गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की संख्या	फरार मास्टरमाइंडों की संख्या
2023-24	5699	15085	67	14
2024-25	3977	13109	50	2
2025-26	1517	9940	60	7

****

राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1050 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक (दिनांक 28.07.2026 को उत्तर दिया जाना है)

2023-24			
राज्य / संघ राज्य क्षेत्र	मामलों की संख्या	पता लगाई गई धन राशि (करोड़ रुपये में)	गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की संख्या
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	0	0.00	0
आंध्र प्रदेश	62	117.53	2
अरुणाचल प्रदेश	50	63.99	0
असम	247	187.81	0
बिहार	59	85.60	0
चंडीगढ़	20	83.52	0
छत्तीसगढ	198	246.79	3
दमन और दीव और दादरा और नगर हवेली	55	111.39	1
दिल्ली	480	6522.60	31
गोवा	24	37.54	0
गुजरात	1796	2549.52	28
हरियाणा	975	7216.92	22
हिमाचल प्रदेश	56	88.36	0
जम्मू और कश्मीर	19	88.51	1
झारखंड	124	278.29	1
कर्नाटक	266	1180.81	2
केरल	105	228.52	0
लद्दाख	0	0.00	0
लक्षद्वीप	0	0.00	0
मध्य प्रदेश	309	578.40	6
महाराष्ट्र	1784	6415.65	24
मणिपुर	19	23.30	0
मेघालय	33	43.49	0
मिजोरम	2	0.12	0
नागालैंड	5	2.98	0
ओडिशा	73	499.19	3
पुदुचेरी	1	1.37	0
पंजाब	138	278.61	4
राजस्थान	394	1067.36	6
सिक्किम	10	4.08	0
तमिलनाडु	222	1761.53	16
तेलंगाना	525	1663.92	9
त्रिपुरा	69	43.14	0
उत्तर प्रदेश	271	2113.74	11
उत्तराखंड	28	118.68	4
पश्चिम बंगाल	771	2670.10	8
कुल	**9190**	**36373.36**	**182**

अनुलग्नक-२

राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1050 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक (दिनांक 28.07.2026 को उत्तर दिया जाना है।)

2024-25			
राज्य / संघ राज्य क्षेत्र	मामलों की संख्या	पता लगाई गई धन राशि (करोड़ रुपये में)	गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की संख्या
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	0	0.00	0
आंध्र प्रदेश	212	302.73	3
अरुणाचल प्रदेश	33	148.18	0
असम	89	569.04	2
बिहार	101	347.12	0
चंडीगढ़	10	33.50	0
छत्तीसगढ	282	627.67	8
दमन और दीव और दादरा और नगर हवेली	225	142.55	0
दिल्ली	1183	12960.68	25
गोवा	8	10.10	0
गुजरात	3281	3310.09	20
हरियाणा	1664	5952.87	10
हिमाचल प्रदेश	12	420.80	2
जम्मू और कश्मीर	30	23.79	0
झारखंड	144	774.42	1
कर्नाटक	610	2008.74	2
केरल	28	110.82	2
लद्दाख	1	0.51	0
लक्षद्वीप	0	0.00	0
मध्य प्रदेश	360	1356.68	6
महाराष्ट्र	3511	10808.47	37
मणिपुर	5	39.12	0
मेघालय	3	14.22	0
मिजोरम	1	0.00	0
नागालैंड	12	138.87	0
ओडिशा	277	574.19	5
पुदुचेरी	7	240.09	1
पंजाब	80	540.62	10
राजस्थान	858	3746.88	4
सिक्किम	16	90.67	0
तमिलनाडु	401	1024.87	8
तेलंगाना	513	2878.22	0
त्रिपुरा	34	13.27	0
उत्तर प्रदेश	448	5149.69	19
उत्तराखंड	62	116.74	0
पश्चिम बंगाल	782	4296.29	13
कुल	**15283**	**58772.51**	**178**

अनुलग्नक- ३

राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1050 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक (दिनांक 28.07.2026 को उत्तर दिया जाना है।)

2025-26			
राज्य / संघ राज्य क्षेत्र	मामलों की संख्या	पता लगाई गई धन राशि (करोड़ रुपये में)	गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की संख्या
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	8	66.37	0
आंध्र प्रदेश	240	1232.60	6
अरुणाचल प्रदेश	7	83.19	0
असम	118	310.57	6
बिहार	201	1162.53	2
चंडीगढ़	10	44.01	1
छत्तीसगढ	356	1663.36	9
दमन और दीव और दादरा और नगर हवेली	345	177.24	0
दिल्ली	1197	10136.96	74
गोवा	39	44.77	1
गुजरात	12511	12632.88	55
हरियाणा	694	2845.41	17
हिमाचल प्रदेश	17	77.14	2
जम्मू और कश्मीर	34	7.60	0
झारखंड	57	154.35	4
कर्नाटक	677	3063.26	6
केरल	36	90.46	0
लद्दाख	2	7.69	0
लक्षद्वीप	0	0.00	0
मध्य प्रदेश	388	1703.70	3
महाराष्ट्र	9629	18319.62	54
मणिपुर	3	56.60	0
मेघालय	2	3.59	0
मिजोरम	1	0.33	0
नागालैंड	9	83.85	0
ओडिशा	427	1091.57	8
पुदुचेरी	15	13.08	0
पंजाब	324	2460.23	35
राजस्थान	391	895.64	5
सिक्किम	38	138.71	0
तमिलनाडु	466	2424.65	20
तेलंगाना	525	3154.84	12
त्रिपुरा	11	28.53	0
उत्तर प्रदेश	637	4751.97	25
उत्तराखंड	78	200.15	0
पश्चिम बंगाल	669	5654.09	13
कुल	**30162**	**74781.56**	**358**